# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–30.08.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से लाखों महिलाओं को नई शक्ति प्राप्त हो रही है। आज आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के इस पहलू पर उतनी चर्चा नहीं हुई जितनी होनी चाहिए थी। श्री मोदी ने कहा कि लगभग 46 प्रतिशत महिलाएं पीएम स्वनिधि योजना की लाभार्थी हैं। उन्होंने कहा कि देशभर की लगभग 35 लाख महिलाएं इस योजना से जुड़कर अपने कारोबार को आगे बढ़ा रही हैं।

*********************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज रांची के गोंदा मंडल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार सदैव राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए प्रेरित करते हैं।

*********************

राज्य में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाखों राशन कार्डधारकों को हर माह सरकारी अनाज वितरित करने वाले करीब 25 हजार पीडीएस डीलर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पहली सितंबर को राज्यभर के जिला मुख्यालयों पर धरना देंगे। इनमें स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं भी शामिल हैं।

*********************

रांची के मोरहाबादी मैदान में आज आयोजित आदिवासी एकता महाजुटान में आदिवासी समाज के अधिकार, पहचान, सम्मान और जल–जंगल–जमीन के मुद्दे उठाए गए। कार्यक्रम में राजनीतिक प्रतिनिधित्व और परिसीमन को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों पर वक्ताओं ने चिंता जताई। लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का संदेश पढ़कर सुनाया। सामाजिक कार्यकर्ता दयामनी बारला ने कहा कि आदिवासी समाज के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को कमजोर करने का कोई भी प्रयास स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परिसीमन में आदिवासी समाज के हित और प्रतिनिधित्व सुरक्षित रहना चाहिए।

*********************

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के विभाग ने कानूनी मापन – भारतीय मानक समय नियम, 2026 को अधिसूचित कर दिया है। इन नियमों के अनुसार, भारतीय मानक समय को देश भर में कानूनी, प्रशासनिक, वाणिज्यिक और अन्य आधिकारिक कार्यों के लिए एक समान समय संदर्भ के रूप में उपयोग किया जाएगा। एक समान समय, बैंकिंग और डिजिटल भुगतान लेनदेन में सटीक समय–चिह्नित करने, रेलवे, हवाई अड्डों और अन्य परिवहन प्रणालियों के समन्वय, साथ ही आपातकालीन और अन्य समय–संवेदनशील सेवाओं के समन्वय में सहायक होगा।

*********************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज रांची में जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित होने वाले बाल गोपाल और नमो दही हांडी प्रतियोगिता का अल्बर्ट एक्का चौक पर भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने दही की मटकी भी टांगी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा चार सितंबर को बाल गोपाल प्रतियोगिता और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

*********************

राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर भर्ती व्यवस्था सुधार यात्रा पर निकले छात्र नेता देवेंद्र महतो ने आज साहिबगंज जिले में छात्रों से मुलाकात की और आंदोलन के आगे की रणनीति के बारे में विचार–विमर्श किया। उन्होंने वहां उपस्थित छात्रों से कहा कि राज्य में भर्ती परीक्षाओं में हुई गड़बड़ी के खिलाफ एकजुट होने की आवश्यकता है।

*******समाप्त*********